PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, सोमवार ,22 जून, 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## आलमपुर में पीजी कॉलेज की मांग को लेकर छात्रों का धरना


अलीगढ़ के आलमपुर पैठ मैदान में क्षेत्र में राजकीय पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) कॉलेज की स्थापना की मांग को लेकर छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने धरना-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, किसान, युवा एवं क्षेत्रीय लोग आंदोलन में शामिल हुए। छात्र नेताओं भूपेंद्र यादव, दिनेश कुमार और उमेश कुमार ने कहा कि आलमपुर क्षेत्र लंबे समय से उच्च शिक्षा सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को अलीगढ़, हाथरस, आगरा और दिल्ली जैसे शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



धरने के दौरान छात्रों ने "शिक्षा चाहिए अपने द्वार", "पीजी कॉलेज हमारा अधिकार" और "शिक्षा से होगा क्षेत्र का विकास" जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी रणजीत सिंह को सौंपा गया। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही पीजी कॉलेज की स्थापना की घोषणा नहीं की तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। धरने का नेतृत्व छात्र नेता उमेश कुमार ने किया। इस दौरान अनुज यादव, बिजनेश कुमार, शिक्षक मैनुद्दीन, सोहेल, दीपक, मनोज, विष्णु, प्रियांश सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अलीगढ़: सोता रहा परिवार, घर खंगाल ले गए चोर
### नकदी समेत लाखों के जेवरात चोरी

अलीगढ़। जिले के थाना क्षेत्र स्थित गांव लालगढ़ी में शनिवार रात चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि वारदात के दौरान परिवार के सभी सदस्य घर के दूसरे कमरे में सोते रहे और चोर आराम से घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर कीमती सामान समेट ले गए। घटना की जानकारी रविवार सुबह तब हुई जब परिवार के लोग जागे और कमरे का सामान बिखरा हुआ देखा। पीड़ित मुकेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार रात करीब एक बजे वह अपने परिवार के साथ घर में सो गए थे। रविवार सुबह करीब पांच बजे जब उनकी आंख खुली तो कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ मिला। अलमारी की जांच करने पर पता चला कि उसमें रखे सोने और चांदी के आभूषण गायब थे। चोरी हुए सामान में सोने का मंगलसूत्र, सात अंगूठियां, दो सोने की जंजीर, दो पेंडल, दो जोड़ी झुमकी, टॉक्स, ओम टीका, बेसर समेत कई कीमती आभूषण शामिल हैं। इसके अलावा चांदी की पांच जोड़ी पायल, चार करधनी, खड़ुआ, चांद-सूरज और अन्य चांदी के आभूषण भी चोर अपने साथ ले गए।



पीड़ित के अनुसार चोर केवल जेवरात ही नहीं बल्कि अलमारी में रखी एक लाख 15 हजार रुपये की नकदी भी चोरी कर ले गए। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने घर और आसपास के क्षेत्र से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया तथा घटना के संबंध में जानकारी एकत्र की। पीड़ित मुकेश कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी ज्योति श्रीवास्तव ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला कुछ संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, इसलिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में हुई इस चोरी की वारदात के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## अलीगढ़: सीएम योगी के दौरे से मची खलबली, रातभर सड़कों पर जुटे रहे कर्मचारी



अलीगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर अलीगढ़ में प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले शहर को चमकाने और संभावित मार्गों को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी रातभर काम में जुटे रहे। शहर के प्रमुख मार्गों पर सफाई, रंग-रोगन, टाइल्स मरम्मत और सड़क सुधार का कार्य युद्धस्तर पर कराया गया, जिससे पूरे शहर में मुख्यमंत्री के दौरे की चर्चा बनी रही। ुख्यमंत्री के संभावित मार्गों में शामिल क्वार्सी चौराहा से सर्किट हाउस तक के रास्ते पर विशेष ध्यान दिया गया। सड़क किनारे लगी क्षतिग्रस्त टाइल्स को बदलने और मरम्मत करने का काम देर रात तक जारी रहा। इसके साथ ही बिजली के खंभों, डिवाइडरों और सार्वजनिक स्थलों पर रंग-रोगन कराया गया ताकि शहर की तस्वीर बेहतर दिखाई दे सके। नगर निगम की टीमों ने सड़क किनारे जमा कूड़ा हटाने और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया।



सड़कों में मौजूद गड्ढों को भरने के लिए भी कर्मचारियों को रातभर लगाया गया। कई स्थानों पर पेचवर्क के जरिए सड़कें दुरुस्त की गईं ताकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था सामने न आए। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं और लगातार निगरानी भी की जा रही है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर शहरवासियों में भी चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वीआईपी दौरे से पहले जिस तेजी और गंभीरता से विकास और सफाई के कार्य कराए जाते हैं, यदि उसी तरह सामान्य दिनों में भी ध्यान दिया जाए तो अलीगढ़ की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है। लोगों ने कहा कि शहर में टूटी सड़कें, गंदगी, जलभराव और अन्य समस्याएं लंबे समय से बनी रहती हैं, लेकिन किसी बड़े अधिकारी या मुख्यमंत्री के दौरे से पहले अचानक सभी विभाग सक्रिय हो जाते हैं। कई नागरिकों ने यह भी कहा कि यदि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नियमित रूप से अलीगढ़ का दौरा करें या प्रशासन इसी तरह लगातार निगरानी रखे तो शहर की अधिकांश समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है। उनका मानना है कि वीआईपी विजिट के दौरान दिखाई देने वाली कार्य संस्कृति और जवाबदेही अगर पूरे वर्ष बनी रहे तो अलीगढ़ विकास के मामले में नई पहचान बना सकता है। फिलहाल मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और शहर के प्रमुख मार्गों तथा कार्यक्रम स्थलों को अंतिम रूप से तैयार किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर विकास कार्यों तक हर विभाग को हाई अलर्ट पर रखा गया है, ताकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी प्रकार की कमी न रह जाए।

## UP Weather Alert: आज से सताएगी भीषण गर्मी, 39 जिलों में लू का अलर्ट; दिन के साथ रातें भी होंगी तपती



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मानसून की देरी अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने सोमवार से प्रदेश के 39 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। खास बात यह है कि इस बार केवल दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं देंगी। तापमान सामान्य से कई डिग्री अधिक रहने के कारण लोगों को चौबीसों घंटे गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार तराई क्षेत्र, जो आमतौर पर अपेक्षाकृत ठंडे माने जाते हैं, वे भी अब लू की चपेट में आने लगे हैं। रविवार को बहराइच, लखीमपुर खीरी, प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर समेत कई जिलों में लगातार दूसरे दिन लू जैसी परिस्थितियां दर्ज की गईं। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान बांदा में 42.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि प्रयागराज में 42.5 डिग्री, वाराणसी में 42.4 डिग्री और झांसी में 41.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार अगले तीन दिनों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश, तराई क्षेत्र और आसपास के इलाकों में भीषण गर्मी और लू का असर बना रहेगा। हालांकि इसके बाद मानसून की गतिविधियां तेज होने की संभावना है, जिससे लोगों को राहत मिल सकती है। फिलहाल मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है।

## अलीगढ़: मढ़ी मंदिर भूमि विवाद गरमाया
### भाकियू ने बड़े आंदोलन की दी चेतावनी



अलीगढ़। टप्पल कस्बे के नूरपुर रोड स्थित मढ़ी मंदिर की भूमि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। रविवार को मढ़ी मंदिर के पीछे भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ट्रस्ट की भूमि पर कथित कब्जे और राजस्व विभाग की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए। बैठक में बड़ी संख्या में किसान और भाकियू पदाधिकारी शामिल हुए। किसानों का आरोप है कि ट्रस्ट की भूमि को लेकर लंबे समय से अनियमितताएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बैठक की अध्यक्षता गंगाराम ने की जबकि संचालन मंडल प्रवक्ता डॉ. हरवीर सिंह ने किया। भाकियू नेताओं ने दावा किया कि ट्रस्ट के नाम पर कुल 930 वर्ग गज भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, लेकिन हाल ही में कराई गई पैमाइश में मौके पर केवल 725 वर्ग गज जमीन ही पाई गई। संगठन का कहना है कि लगभग 205 वर्ग गज भूमि का कोई स्पष्ट हिसाब नहीं मिल रहा है। इसके अलावा किसानों ने आरोप लगाया कि वर्षों पहले मंदिर के पूर्व महंत द्वारा ट्रस्ट को दी गई अतिरिक्त भूमि पर भी वर्तमान महंत ने कब्जा कर लिया है। किसानों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। बैठक में मौजूद भाकियू नेताओं ने प्रशासन और राजस्व विभाग पर भी सवाल खड़े किए। उनका कहना था कि यदि समय रहते इस मामले पर ध्यान दिया गया होता तो आज यह विवाद इतना बड़ा रूप नहीं लेता। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आंदोलन को जिलेभर में फैलाया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय तालान, प्रदेश उपाध्यक्ष सुंदर सिंह, बंटी शर्मा, सुनील भोला, विजय, धर्मेंद्र श्योरान सहित कई किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अलीगढ़: ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत, घिसटने से बाइक में लगी आग



अलीगढ़। जिले में रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। मडराक और रोरावर थाना क्षेत्रों के बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक ट्रक में फंस गई और काफी दूर तक सड़क पर घिसटती चली गई। घर्षण के कारण बाइक में आग लग गई और वह धू-धू कर जलने लगी। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के भुजपुरा निवासी मोहम्मद इंतसाब (21) रविवार रात करीब नौ बजे अपनी बाइक से किसी जरूरी काम के लिए निकले थे। जब वह मडराक क्षेत्र के आगरा कट से होते हुए हाईवे पर दिल्ली की ओर मुड़े, तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इंतसाब की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद बाइक ट्रक के अगले हिस्से में फंस गई थी, लेकिन चालक ने वाहन रोकने के बजाय उसकी रफ्तार और बढ़ा दी। ट्रक बाइक को घसीटते हुए रोरावर थाना क्षेत्र स्थित गोंडा पुल तक ले गया। लगातार सड़क पर रगड़ खाने की वजह से बाइक में अचानक आग लग गई और कुछ ही देर में वह आग का गोला बन गई। हाईवे पर जलती बाइक को देखकर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। वहीं दूसरी ओर गोंडा पुल पर जल रही बाइक के पास काफी देर तक पुलिस के न पहुंचने को लेकर भी स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते पुलिस मौके पर पहुंचती तो स्थिति को जल्दी नियंत्रित किया जा सकता था। मृतक मोहम्मद इंतसाब छह भाइयों और एक बहन के परिवार में पांचवें नंबर पर थे। जवान बेटे की अचानक मौत की खबर मिलते ही भुजपुरा स्थित उनके घर में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल बना हुआ है।

# UP News: 1.25 लाख के इनामी कुख्यात लल्लन सिंह को एसटीएफ ने मार गिराया,

## दो एसआई समेत सात की हत्या का आरोपी था

सवा लाख के इनामी कुख्यात लल्लन सिंह को एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया। इसने एसआई को गोली मारकर पिस्टल लूटी थी। दो एसआई समेत सात लोगों की हत्या का आरोपी था। इसके अलावा लूट समेत कई मुकदमे दर्ज थे।बिहार के समस्तीपुर जिले का रहने वाला सवा लाख का इनामी कुख्यात ललन सिंह उर्फ लल्लन रविवार देर रात सहारनपुर में यूपी एसटीएफ से मुठभेड़ में मारा गया। मुठभेड़ सरसावा-नकुर रोड पर हुई। इस दौरान उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। उसकी तलाश में टीम दबिश दे रही है।एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश के अनुसार, ललन सिंह उर्फ लल्लन पुत्र शिव शंकर सिंह लंबे समय से कई संगीन मामलों में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट की ओर से एक लाख रुपये और चंदौली पुलिस की तरफ से 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लल्लन मूल रूप से समस्तीपुर के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के आनंदगोलवा गांव का रहने वाला था।





### साथी मौके से भाग निकला

21 जून की रात एसटीएफ एएसपी लाल प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम सहारनपुर जिले में सरसावा-नकुर मार्ग पर संदिग्ध वाहनों और अपराधियों की तलाश में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीम को बदमाशों की मौजूदगी की सूचना मिली। घेराबंदी करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में ललन सिंह गोली लगने से घायल हो गया। जबकि, उसका एक साथी मौके से भाग निकला।घायल बदमाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरसावा ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, ललन सिंह अपने भाइयों और गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर कई संगठित अपराधों में शामिल था। उस पर सात लोगों की हत्या, बैंक डकैती, कैश-वैन लूट और सरकारी हथियार लूटने जैसे गंभीर आरोप थे। मृतकों में दो सब-इंस्पेक्टर, एक बैंक कैशियर और एक सुरक्षा गार्ड भी शामिल थे।

## Rudraprayag: नगरासू गुरुद्वारा विवाद; एक दिन बाद सेवादार को छोड़ा

# एक निहंग नीचे उतरा, पांच अभी भी अंदर मौजूद



शनिवार शाम करीब चार बजे हेमकुंड साहिब यात्रा पर आए कुछ निहंग सिख गुरुद्वारे में पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। इससे गुरुद्वारे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।नगरासू गुरुद्वारा विवाद में गुरुद्वारा की तीसरी मंजिल पर चढ़ा एक निहंग परमवीर सिंह ( 33) ग्राम मलकपुर जिला रुपनगर रुपड़ पंजाब नीचे उतरा गया। हालांकि पांच अभी भी अंदर मौजूद हैं। नगरासू गुरुद्वारे में शनिवार शाम से चल रहा हाई वोल्टेज ड्रामा रविवार शाम करीब 27 घंटे बाद कुछ शांत हुआ। इससे पहले जिला प्रशासन और निहंगों के बीच तीन दौर की वार्ता हुई लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। निहंग कर्णप्रयाग प्रकरण में गिरफ्तार लोगों की रिहाई की मांग पर अड़े थे।रविवार शाम के वक्त प्रशासन ने निहंगों से फिर वार्ता की और नीचे उतर आए। उन्होंने बंधक बनाए गए सेवादार नवतेज सिंह को भी छोड़ दिया है। दो निहंग भी नीचे आ गए हैं। अभी पांच निहंग अंदर हैं, जिनसे वार्ता की जा रही है।

गुरुद्वारे में रविवार शाम श्रद्धालुओं की आवाजाही के साथ-साथ अरदास शुरू हो चुकी थी। पुलिस प्रशासन ने इसे आपसी विवाद के कारण स्थिति का बिगड़ना बताया है। नगरासू गुरुद्वारे में सात निहंग गुरुद्वारे की तीसरी मंजिल पर चढ़ गए थे। बताया जा रहा था कि उन्होंने गुरुद्वारे के सेवादार समेत दो लोगों को बंधक भी बना लिया था। इसके बाद से लगातार पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने निहंगों को मनाने का प्रयास किया लेकिन निहंग अपनी मांग पर अड़े रहे। इस बीच एसपी नीहारिका तोमर ने करीब एक घंटे तक फोन पर निहंगों से बातचीत की, लेकिन वार्ता बेनतीजा रही। गुरुद्वारा परिसर और आसपास के क्षेत्र में पुलिस, आईटीबीपी, एटीएस और अन्य सुरक्षा बल तैनात रहे।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के बाबा बेहंत सिंह ने बताया कि निहंगों ने दो लोगों को अपने कब्जे में रखा था। इनमें से एक व्यक्ति को शनिवार देर रात छोड़ दिया था, जबकि एक सेवादार अब भी उनके बंधक था। इधर रविवार शाम के वक्त फिर से प्रशासन ने निहंगों से बात की तो उन्होंने सेवादार को भी छोड़ दिया। इसके बाद गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं का आना जाना शुरू हो गया। गुरुद्वारे में बंधक बनाए गए एक निहंग ने बाहर निकलकर अपना बयान भी जारी किया है।हम सही सलामत हैं। हम कर्णप्रयाग जाने के लिए नागरसू आए थे। यहां किसी बात को लेकर मतभेद हो गया। इस कारण हमने मोर्चा लगा लिया। अब हम नीचे उतर आए हैं। पुलिस प्रशासन ने हमारा सहयोग किया। अब हम घर जा रहे हैं।गुरुद्वारे में लंगर के दौरान प्रबंध कमेटी और निहंगों के बीच विवाद हो गया था। इसकी सूचना कंट्रोल रूम को मिली तो पुलिस पहुंच गई। निहंगों को लगा कि प्रबंध कमेटी ने पुलिस बुला ली है। दोनों बंधकों को छोड़ दिया गया है। निहंगों की कुछ मांगें हैं जिन पर बातचीत चल रही है।

## यूपी में तिहरा हत्याकांड: बड़े भाई, भाभी और भतीजे का क्रूरता से कत्ल,

# नाबालिग कातिल ने आधी रात मचाया कत्लेआम

यूपी के गोरखपुर के बांसगांव में तिहरे हत्याकांड से इलाका दहल उठा। पारिवारिक विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई, भाभी और भतीजे की जान ले ली। घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की बात कही जा रही है।गोरखपुर के बांसगांव थाना इलाके में रविवार देर रात हुई एक भयावह घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। एक 16 वर्षीय किशोर ने कथित तौर पर अपने बड़े भाई, भाभी और तीन वर्षीय भतीजे की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। इस वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित कई आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान अमित गुप्ता, उनकी पत्नी रंजना गुप्ता और उनके तीन वर्षीय पुत्र रेयान गुप्ता के रूप में हुई है। तीनों रविवार की रात घर के एक कमरे में सो रहे थे, तभी आरोपी छोटे भाई ने सोते समय उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस क्रूर वारदात में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही मृतक के पिता ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी 16 वर्षीय किशोर को भी हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार भी उसके पास से बरामद कर लिया गया है।

### पारिवारिक विवाद की आशंका

एसपी दक्षिणी दिनेश पुरी ने बताया कि रविवार देर रात करीब तीन बजे एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी ने सोते समय वारदात को अंजाम दिया। घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की बात कही जा रही है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके।

### गांव में मातम और आक्रोश

एक ही परिवार के तीन सदस्यों की इस निर्मम हत्या से पूरे गांव में मातम का माहौल है। सोमवार की सुबह जब घटना की जानकारी फैली तो बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। लोगों में घटना को लेकर गहरा आक्रोश भी देखा जा रहा है। पुलिस ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

### एफआईआर दर्ज, जांच जारी

मृतक अमित गुप्ता के पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर बांसगांव थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले में आगे की जांच जारी है। इस घटना ने एक बार फिर पारिवारिक कलह के गंभीर परिणामों को उजागर किया है।

# ढाई साल के मासूम से क्रूरता:

## मौसा ने बीड़ी से होठ दागे, चाबी से दिए पीठ पर जख्म; चेहरे पर दांत से कई जगह काटा

मासूम के पिता गुलफाम ने बताया कि जिस समय नदीम घर से आहद को लेने आया था, तब आहद अपनी बहन से लिपट गया और कह रहा था कि ये मुझे मार देगा। मुझे इसके साथ मत जाने देना, लेकिन नदीम उसे उठाकर साथ ले गया।यूपी के हापुड़ स्थित देहात थाना क्षेत्र के कोटला सादात में ढाई साल के बच्चे के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। रिश्ते के मौसा ने घर से बुलाकर उसका बीड़ी से चेहरा और होठ दाग दिए। चेहरे पर कई जगह दांतों से काटा, शरीर पर 10 से अधिक जगह ई-रिक्शा की नुकीली चाबी से गहरे घाव बना दिए। पीड़ित मासूम के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।मूलरूप से बुलंदशहर जिले के स्याना स्थित माकड़ी गांव निवासी गुलफाम पत्नी फैमिदा और तीन बच्चे के साथ कोटला सादात में किराये पर रहते हैं। दंपती मजदूरी करता है। गुलफाम का साड़ू नदीम मजीदपुरा में किराये के मकान में रहता है और ई-रिक्शा चलाता है। गुलफाम ने बताया कि हर रोज की तरह वह पत्नी के साथ मजदूरी करने गए थे। इसी बीच नदीम दोपहर करीब 12 बजे घर आया और कोल्ड ड्रिंक दिलाने के बहाने सबसे छोटे बेटे ढाई वर्षीय आहद को साथ ले गया। नदीम ने किसी सुनसान स्थान पर जाकर आहद के साथ हैवानियत की। मासूम के होठ अंदर की तरफ से बीड़ी से दागे, बच्चे के चेहरे पर कई जगह दांत से काटा।



इतना ही नहीं पीठ और पेट पर ई-रिक्शा की चाबी से दस से अधिक गहरे घाव बना दिए। करीब डेढ़ घंटे तक बच्चे के साथ हैवानियत के बाद नदीम मोहल्ले के बाहर ही मायूस आहद को छोड़कर भाग गया। लड़खड़ाता मासूम किसी तरह घर पहुंचा। परिजन बच्चे को चिकित्सक के पास ले गए और उपचार कराया।बड़ी बात यह रही कि बच्चे का कोई घाव अधिक गंभीर नहीं था लेकिन बच्चा दर्द से कराहता रहा। पिता गुलफाम का आरोप है कि आरोपी बच्चे पर गलत नियत रखता है और इसी के चलते वह उसे अपने साथ ले गया था

# UP: प्रदेश में आज से डराने वाली गर्मी की चेतावनी

## दिन के साथ रात भी होंगी गर्म; इन 39 जिलों के लिए अलर्ट जारी

यूपी में गर्मी का दायरा अब बढ़ने वाला है। प्रदेश में मानसून में देरी और भीषण गर्मी की वजह से तराई इलाके भी अब लू की चपेट में आने लगे हैं।प्रदेश में मानसून में देरी और भीषण गर्मी की वजह से तराई इलाके भी अब लू की चपेट में आने लगे हैं।




रविवार को तराई का बहराइच और लखीमपुर समेत पूर्वी यूपी के प्रयागराज, गाजीपुर, वाराणसी लगातार दूसरे दिन लू की चपेट में रहे।मौसम विभाग का कहना है कि इन इलाकों में फिलहाल अगले दो दिन भीषण गर्मी से राहत के संकेत नहीं हैं। सोमवार के लिए बांदा, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी समेत प्रदेश के 39 जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। सबसे अधिक तापमान बांदा में 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा प्रयागराज में 42.5 डिग्री, वाराणसी में 42.4 डिग्री और झांसी में 41.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल तीन दिनों तक प्रदेश के पूर्वी और तराई हिस्सों समेत विभिन्न हिस्सों में लू और तेज गर्मी का असर बना रहेगा। इसके बाद मानसूनी सक्रियता का दौर शुरू होने के आसार हैं।

### इन जिलों में है लू की चेतावनी

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गौडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर व आस पास के क्षेत्र।

### रात में तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा

राजधानी में रविवार को लगातार दूसरे दिन लू जैसी परिस्थितियां रहीं। दोपहर में तीखी धूप के साथ तापमान तेजी से बढ़ा और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। रविवार को बीती रात का न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री की बढ़त के साथ 30.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से करीब चार डिग्री ज्यादा था।मौसम विभाग ने सोमवार को लखनऊ में लू चलने की आशंका जताई है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि हवा में नमी की वजह से इन दिनों गर्मी के साथ उमस हावी है। नमी में कमी होने पर सोमवार को लखनऊ में लू की परिस्थितियां बन सकती हैं। इससे अधिकतम तापमान में भी बढ़त देखने को मिल सकती है।रविवार को अधिकतम तापमान 0.8 डिग्री की कमी के साथ 40.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से करीब 3.9 डिग्री अधिक रहा।

## रुड़की में रफ्तार का कहर: भीड़ के बीच घुसी बेकाबू स्कॉर्पियो, कई लोगों को चपेट में लिया, दो बच्चियां गंभीर

पिरान कलियर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बेकाबू होकर भीड़भाड़ वाले इलाके में घुस गई। कार ने वहां मौजूद लोगों को अपनी चपेट में ले लिया।

पिरान कलियर में में रविवार देर रात को उस समय हड़कंप मच गया जब यूपी नंबर की एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बेकाबू होकर भीड़भाड़ वाले इलाके में घुस गई और सड़क किनारे मौजूद लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई, जबकि स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। हादसे में मुख्तार आलम निवासी बिहार, साबरीन (6) निवासी पिरान कलियर और शबनम (10 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, इमलीखेड़ा रोड स्थित अब्दाल शाह रोड की है। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो अत्यधिक तेज गति से क्षेत्र से गुजर रही थी। भीड़भाड़ वाले इलाके में पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और स्कॉर्पियो सीधे राहगीरों की ओर बढ़ गई।मासूम बच्चियां भी हादसे की चपेट में आ गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को संभाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वाहन की रफ्तार इतनी अधिक थी कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला।घटनास्थल पर मची अफरा-तफरी दुर्घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुकानदार अपनी दुकानों से बाहर निकल आए और आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने चालक की लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण बताया है।



### चालक फरार, पुलिस ने शुरू की तलाश

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि हादसे के तुरंत बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और चालक की पहचान कर उसकी तलाश में जुटी हुई है।

### रफ्तार पर नहीं लग रहा लगाम

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही बढ़ रही है, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और प्रमुख मार्गों पर नियमित चेकिंग अभियान चलाने की मांग की है।

# भैया, कल से नहीं आऊंगी'

## चार साल का साथ दो मिनट में खत्म, कुक की विदाई ने छेड़ी वफादारी बनाम बेहतर अवसर की बहस



नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक भावुक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है, जिसने नौकरी, वफादारी और बेहतर अवसरों को लेकर नई बहस छेड़ दी है। एक व्यक्ति ने अपनी चार साल पुरानी कुक के अचानक नौकरी छोड़ने का अनुभव साझा किया, जिसे पढ़कर हजारों लोग अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। यह कहानी सिर्फ एक घरेलू कर्मचारी और उसके मालिक की नहीं, बल्कि बदलते पेशेवर रिश्तों और अवसरों की तलाश में लिए जाने वाले फैसलों की भी कहानी बन गई है। वायरल पोस्ट के अनुसार, Ankit Pandey नाम के व्यक्ति ने बताया कि उनके घर में पिछले चार वर्षों से काम कर रही कुक अचानक उनके पास आई और बोली, "भैया, कल से नहीं आऊंगी।" यह सुनकर अंकित हैरान रह गए क्योंकि उनके अनुसार उनके और कुक के बीच सिर्फ कामकाजी नहीं बल्कि एक पारिवारिक रिश्ता भी बन गया था। उन्होंने उसे रोकने और कारण जानने की कोशिश की, लेकिन उसका फैसला पहले से तय था। अंकित ने अपनी पोस्ट में बताया कि वह अपनी कुक को हर साल लगभग 15 प्रतिशत वेतन वृद्धि देते थे। नौकरी छोड़ते समय उसकी मासिक सैलरी 15,500 रुपये थी। इसके अलावा होली, दिवाली, रक्षाबंधन और नवरात्रि जैसे त्योहारों पर बोनस, उपहार और अतिरिक्त नकद राशि भी दी जाती थी। इतना ही नहीं, अगर वह 10 से 15 दिन की छुट्टी पर भी रहती थी तो उसकी तनख्वाह नहीं काटी जाती थी। अंकित का मानना था कि इतने वर्षों का भरोसा और सम्मान उनके रिश्ते को मजबूत बनाए रखेगा। जब उन्होंने नौकरी छोड़ने का कारण पूछा तो कुक ने बताया कि उसे कहीं और अधिक वेतन वाली नौकरी मिल गई है। अंकित ने उसे वही वेतन देने की पेशकश भी की, लेकिन उसने विनम्रता से मना कर दिया। कुक ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "नहीं भैया, मैंने वहां से एडवांस ले लिया है। अब आप कोई नया कुक ढूंढ लीजिए।" इस छोटे से संवाद के साथ चार साल का साथ खत्म हो गया। इस अनुभव के बाद अंकित ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उन्होंने एक महत्वपूर्ण बात सीखी है— लोग हमेशा इसलिए काम नहीं छोड़ते क्योंकि वे दुखी होते हैं, बल्कि कई बार वे इसलिए आगे बढ़ते हैं क्योंकि उन्हें कहीं बेहतर अवसर दिखाई देता है। उन्होंने यह भी महसूस किया कि किसी रिश्ते को हम जितनी भावनात्मक अहमियत देते हैं, जरूरी नहीं कि सामने वाला भी उसे उसी नजर से देखे। सोशल मीडिया पर इस पोस्ट को लेकर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कुछ लोगों ने कुक के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने भविष्य और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का अधिकार है। वहीं कई लोगों ने कहा कि घरेलू कामगारों के साथ लंबे समय तक काम करते-करते परिवार भावनात्मक रूप से जुड़ जाता है, लेकिन उनके लिए यह अक्सर एक पेशेवर रिश्ता होता है। कई यूजर्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नौकरी चाहे किसी भी क्षेत्र की हो, बेहतर अवसर मिलने पर बदलाव स्वाभाविक है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि वफादारी और रिश्तों की भी एक कीमत होती है, जिसे केवल पैसों में नहीं आंका जा सकता। इसी वजह से यह पोस्ट सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है और लोग इसे वफादारी बनाम करियर ग्रोथ की बहस के रूप में देख रहे हैं।

# राम मंदिर चढ़ावा मामला

## SIT जांच के बीच 40 कर्मचारियों पर कार्रवाई, दान गिनती व्यवस्था में बड़ा बदलाव




अयोध्या। राम मंदिर में चढ़ावे की राशि में कथित अनियमितताओं और चोरी के आरोपों की जांच अब तेज हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित विशेष जांच दल (SIT) लगातार जांच में जुटा हुआ है। इसी बीच प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए चढ़ावे की गणना में लगे करीब 40 कर्मचारियों को उनके कार्य से हटा दिया है और उनकी जगह नई टीम तैनात कर दी गई है। इस कार्रवाई को जांच प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान दान राशि की गिनती और उसके प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई, जिसमें कई स्तरों पर खामियां और निगरानी तंत्र की कमजोरियां सामने आई हैं। इसके बाद चढ़ावे की गणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। अब दान राशि की गिनती, रिकॉर्डिंग और निगरानी पहले की तुलना में अधिक सख्ती और सतर्कता के साथ की जा रही है। बताया जा रहा है कि SIT की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कई प्रशासनिक और तकनीकी कमियों का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में यह भी संकेत मिले हैं कि चढ़ावे की निगरानी और प्रबंधन के दौरान निर्धारित प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन नहीं किया गया था। इन्हीं बिंदुओं को आधार बनाकर आगे की जांच को विस्तार दिया जा रहा है। जांच एजेंसियों का फोकस अब केवल कर्मचारियों तक सीमित नहीं है। सूत्रों के मुताबिक मंदिर ट्रस्ट और व्यवस्था से जुड़े कुछ प्रमुख लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए हर उस व्यक्ति की भूमिका की जांच जरूरी है, जो किसी भी रूप में चढ़ावा प्रबंधन प्रक्रिया से जुड़ा रहा है। हालांकि अभी तक किसी व्यक्ति को दोषी घोषित नहीं किया गया है, लेकिन जांच रिपोर्ट में कई लोगों की भूमिका की विस्तृत जांच की सिफारिश की गई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में जांच के आधार पर प्रशासनिक और कानूनी स्तर पर बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। राम मंदिर देश की आस्था का केंद्र है, इसलिए इस मामले पर लोगों की नजरें भी टिकी हुई हैं। श्रद्धालु और आम नागरिक चाहते हैं कि जांच पूरी पारदर्शिता के साथ हो और यदि किसी स्तर पर गड़बड़ी हुई है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल सभी की निगाहें SIT की अगली रिपोर्ट और प्रशासन द्वारा उठाए जाने वाले आगामी कदमों पर टिकी हुई हैं।

# Iran-US Talks: होर्मुज, लेबनान और परमाणु मुद्दे पर बड़ी प्रगति

## 60 दिनों में अंतिम समझौते का रोडमैप तैयार





वॉशिंगटन/स्विट्जरलैंड। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हालिया अमेरिका-ईरान टकराव के बीच दोनों देशों के बीच स्विट्जरलैंड में हुई उच्चस्तरीय वार्ता का पहला दौर समाप्त हो गया है। बर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में दो दिनों तक चली इस बैठक में अमेरिका और ईरान ने 60 दिनों के भीतर एक व्यापक और अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए रोडमैप तैयार करने पर सहमति जताई है। पाकिस्तान और कतर की मध्यस्थता में हुई इस वार्ता को क्षेत्रीय शांति और वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बैठक में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति JD Vance ने किया, जबकि ईरानी पक्ष की अगुवाई संसद अध्यक्ष Mohammad Bagher Ghalibaf ने की। वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि चर्चा सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्य की दिशा तय करने वाली रही।

सबसे अहम फैसला यह रहा कि दोनों देशों ने अगले 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप को मंजूरी दे दी है। इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया जाएगा, जो राजनीतिक स्तर पर पूरे वार्ता तंत्र की देखरेख करेगी। दोनों पक्षों ने तकनीकी स्तर की बातचीत तुरंत शुरू करने पर भी सहमति जताई है। इसके तहत परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में राहत, निगरानी तंत्र और विवाद समाधान जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विशेषज्ञों के अलग-अलग कार्य समूह काम करेंगे। वार्ता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को लेकर रहा। दोनों देशों ने यहां किसी भी प्रकार की गलतफहमी या सैन्य टकराव से बचने के लिए सीधा संचार तंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह कदम वैश्विक व्यापार और तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि दुनिया के बड़े हिस्से का तेल इसी समुद्री मार्ग से गुजरता है। बैठक में हालिया तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़े प्रभाव को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। दोनों देशों ने संकेत दिए कि क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए संवाद जारी रखा जाएगा। पूरी वार्ता प्रक्रिया में पाकिस्तान और कतर ने महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका निभाई।

लेबनान में जारी तनाव को लेकर भी महत्वपूर्ण सहमति बनी। वार्ता में एक विशेष "डी-कॉन्फ्लिक्शन सेल" बनाने का फैसला लिया गया, जिसका उद्देश्य संघर्षविराम का पालन सुनिश्चित करना और किसी भी सैन्य टकराव को रोकना होगा। इस व्यवस्था में लेबनान की भागीदारी भी रहेगी, जबकि पाकिस्तान और कतर सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएंगे। हालांकि यह स्पष्ट किया गया कि इस समझौते का हिस्सा न तो इस्राइल है और न ही हिजबुल्ला। इसके बावजूद सभी पक्षों ने लेबनान में शांति बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री Shehbaz Sharif और कतर के प्रधानमंत्री Mohammed bin Abdulrahman Al Thani ने दोनों पक्षों के बीच संवाद बनाए रखने और समझौते की दिशा में प्रगति सुनिश्चित करने में अहम योगदान दिया।

वार्ता में परमाणु कार्यक्रम से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। दोनों देशों ने संकेत दिए कि तकनीकी स्तर की बैठकों में परमाणु गतिविधियों की निगरानी, प्रतिबंधों में संभावित राहत और पारदर्शिता बढ़ाने के उपायों पर काम किया जाएगा। इससे यह माना जा रहा है कि वर्षों से रुकी परमाणु वार्ता को नई गति मिल सकती है।

**🤝 कूटनीति को मिली प्राथमिकता**

बैठक के अंत में सभी पक्षों ने सैन्य टकराव के बजाय कूटनीतिक समाधान को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई। मध्यस्थ देशों ने उम्मीद जताई कि अगले दौर की वार्ता में और ठोस प्रगति देखने को मिलेगी तथा पश्चिम एशिया में स्थिरता स्थापित करने की दिशा में यह प्रक्रिया निर्णायक साबित हो सकती है। अमेरिका-ईरान वार्ता में बड़ी प्रगति, 60 दिन में अंतिम समझौते का रोडमैप; होर्मुज, लेबनान और परमाणु मुद्दों पर बनी

# पुणे पोर्शे केस: आरोपी के पिता की जमानत रद्द कराने अदालत पहुंची पुलिस, वायरल वीडियो बना बड़ी मुसीबत




पुणे। देशभर में चर्चा का विषय बने पुणे पोर्शे कार हादसे में एक नया मोड़ सामने आया है। पुणे पुलिस ने हादसे के नाबालिग आरोपी के पिता Vishal Agarwal की जमानत रद्द कराने के लिए अदालत का रुख किया है। पुलिस का आरोप है कि जमानत मिलने के बाद सामने आए एक वायरल वीडियो ने न केवल मामले को विवादों में ला दिया है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित शर्तों के उल्लंघन के संकेत भी दिए हैं। पुलिस द्वारा दायर अर्जी में कहा गया है कि विशाल अग्रवाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है, जिसमें वह अपने परिवार के साथ एक रेस्टोरेंट में जश्न मनाते और नृत्य करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में उनकी पत्नी और बेटा भी मौजूद हैं तथा पीछे तेज संगीत बजता नजर आ रहा है। यह वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और मामले में न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे। पुणे पुलिस का मानना है कि इस तरह सार्वजनिक रूप से जश्न मनाने का संदेश गलत जा सकता है और इससे मामले के गवाह प्रभावित हो सकते हैं। पुलिस का तर्क है कि ऐसे व्यवहार से गवाहों पर दबाव पड़ने या उन्हें प्रभावित करने की आशंका बढ़ जाती है। इसी आधार पर पुलिस ने अदालत से जमानत रद्द करने की मांग की है। पुलिस कमिश्नर Amitesh Kumar ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद राज्य विधि विभाग से अनुमति प्राप्त कर शिवाजीनगर सत्र न्यायालय में विशेष लोक अभियोजक शिशिर हिरे के माध्यम से आवेदन दाखिल किया गया। मामले पर मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है।

अभियोजन पक्ष अदालत में यह भी तर्क रखेगा कि सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत कुछ विशेष शर्तों के साथ दी गई थी और वायरल वीडियो उन शर्तों की भावना के विपरीत माना जा सकता है। पुलिस का कहना है कि यदि अदालत को यह प्रतीत होता है कि जमानत की शर्तों का उल्लंघन हुआ है, तो जमानत निरस्त करने पर विचार किया जा सकता है। गौरतलब है कि पुणे पोर्शे हादसा पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में पहले भी जांच, कानूनी प्रक्रिया और आरोपी परिवार को मिली राहत को लेकर कई सवाल उठ चुके हैं। अब वायरल वीडियो के सामने आने के बाद एक बार फिर यह मामला सुर्खियों में आ गया है और सभी की निगाहें अदालत के आगामी फैसले पर टिकी हैं। यदि अदालत पुलिस की दलीलों को स्वीकार करती है तो आरोपी के पिता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वहीं बचाव पक्ष अदालत में अपने पक्ष को मजबूती से रखने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में मंगलवार की सुनवाई इस चर्चित मामले में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है।

# महाराष्ट्र MLC चुनाव में महायुति का दबदबा, 17 में 16 सीटों पर जीत

## नासिक में बागी उम्मीदवार ने दिया बड़ा झटका



मुंबई। महाराष्ट्र विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने एक बार फिर अपनी मजबूत राजनीतिक पकड़ का प्रदर्शन करते हुए 17 में से 16 सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) के गठबंधन ने अधिकांश सीटों पर शानदार प्रदर्शन किया, जिससे राज्य की राजनीति में महायुति की स्थिति और मजबूत हो गई है। हालांकि इस बड़ी जीत के बीच नासिक सीट का परिणाम चर्चा का विषय बन गया, जहां भाजपा के बागी नेता और निर्दलीय उम्मीदवार गोकुल गिट्टे ने शिवसेना उम्मीदवार नरेंद्र दराडे को हराकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बड़ा राजनीतिक झटका दिया। चुनाव की 17 सीटों में से छह सीटों पर उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे, जबकि बाकी 11 सीटों के परिणाम सोमवार को घोषित किए गए। इन 11 सीटों में भाजपा ने अकेले नौ सीटों पर जीत हासिल कर अपनी संगठनात्मक ताकत का परिचय दिया। शिवसेना ने परभणी-हिंगोली सीट अपने नाम की, जबकि नासिक में निर्दलीय उम्मीदवार गोकुल गिट्टे की जीत ने सभी को चौंका दिया। गिट्टे भाजपा से जुड़े रहे हैं, लेकिन टिकट न मिलने के बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया था। नासिक सीट पर महायुति ने जीत सुनिश्चित करने के लिए काफी प्रयास किए थे। चुनाव से पहले पार्षदों को एकजुट बनाए रखने के लिए उन्हें ठाणे के एक होटल में भी ठहराया गया था, ताकि किसी प्रकार की टूट-फूट न हो सके। इसके बावजूद गोकुल गिट्टे ने जीत हासिल कर महायुति की रणनीति को झटका दे दिया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह नतीजा स्थानीय स्तर पर मौजूद असंतोष और बागी नेताओं के प्रभाव को दर्शाता है। इन चुनाव परिणामों से यह साफ हो गया है कि महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की राजनीतिक पकड़ अभी भी मजबूत बनी हुई है। भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने नांदेड़, नागपुर, भंडारा-गोंदिया, छत्रपति संभाजीनगर-जालना और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जीत दर्ज की। वहीं विपक्ष को इस चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी, जिससे उसके लिए यह परिणाम चिंता का विषय माना जा रहा है।

कुल मिलाकर एमएलसी चुनाव के नतीजों ने महायुति को बड़ी राजनीतिक बढ़त दिलाई है, लेकिन नासिक सीट पर मिली हार ने यह भी संकेत दिया है कि बागी उम्मीदवार भविष्य में गठबंधन के लिए चुनौती बन सकते हैं। अब सभी की नजर इस बात पर होगी कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और महायुति नेतृत्व इस झटके के बाद क्या राजनीतिक रणनीति अपनाते हैं।

# दिलजीत दोसांझ के अमेरिका शो में हंगामा



शुक्रवार को दिलजीत के लाइव शो के दौरान एक प्रो-खालिस्तान प्रदर्शनकारी स्टेज पर चढ़ गया। इसके बाद माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। जानिए क्या है पूरा मामला। पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के सैन फ्रांसिस्को में हुए कॉन्सर्ट के दौरान एक प्रो-खालिस्तान प्रदर्शनकारी स्टेज पर चढ़ गया, जिससे वहां अचानक हड़कंप मच गया। इस घटना ने कुछ समय के लिए वहां मौजूद दर्शकों को चौंका दिया।हालांकि, मौके पर मौजूद सिक्योरिटी और स्थानीय पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने उस व्यक्ति को पकड़ लिया और हिरासत में ले लिया।इस पूरे घटनाक्रम के बावजूद दिलजीत दोसांझ ने अपना शो नहीं रोका। जैसे ही उस व्यक्ति क गिरफ्तार किया गया, दिलजीत ने फिर से अपना परफॉर्मेंस शुरू कर दिया और डांस करते हुए दर्शकों का मनोरंजन जारी रखा। उन्होंने पूरे शो के दौरान एंटरटेनमेंट और लोगों को जोड़ने का संदेश दिया।बताया जा रहा है कि यह घटना हाल ही में सोशल मीडिया पर मिल रही धमकियों से जुड़ी हो सकती है। कुछ कट्टरपंथी समूह, जैसे 'सिख्स फॉर जस्टिस (SFJ)', दिलजीत के मेनस्ट्रीम इंडियन मीडिया में आने को लेकर विरोध जता रहे थे।दिलजीत पहले भी साफ कर चुके हैं कि जो भी उनके फैंस को परेशान करेगा या शो में बाधा डालने की कोशिश करेगा, उसे स्थानीय प्रशासन की मदद बाहर कर दिया जाएगा।यह घटना ऐसे समय पर हुई जब दिलजीत दोसांझ का नॉर्थ अमेरिका 'ऑरा वर्ल्ड टूर 2026' खत्म हो रहा था। इस टूर का आखिरी शो 20 और 21 जून 2026 को सैन फ्रांसिस्को के चेस सेंटर में हुआ।

# सोना मोहापात्रा ने बॉलीवुड पर खड़े किए सवाल



सिंगर सोना मोहापात्रा अक्सर इंडस्ट्री से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। चाहे बात सेक्सिज्म की हो या महिलाओं की कम हिस्सेदारी की, अब उन्होंने बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री को लेकर एक और बड़ा बयान दिया है।अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए कहा, 'बॉलीवुड के सारे हार्टब्रेक गाने पुरुषों के लिए रिजर्व हैं। प्यार भी वही महसूस करते हैं, दर्द भी वही दिखाया जाता है। मुझे जब भी किसी डुएट गाने के लिए बुलाया गया, तो अक्सर मुझे सिर्फ आखिर में गाने का मौका मिला।' कहा कि जब उन्हें 'जालिमा' गाने के लिए बुलाया गया, तो वह हैरान रह गईं।सोना ने आगे कहा, 'इस गाने में मुखड़ा, अंतरा- सब कुछ पुरुष सिंगर ने गाया। मैं बस आखिर में आती हूं। मैंने म्यूजिक डायरेक्टर से पूछा- क्या आदमी खुद से ही प्यार कर रहा है? ये कैसा डुएट है, जिसमें लड़की आखिर में आती है?'उन्होंने यह भी साफ किया कि यह किसी एक कलाकार की गलती नहीं है, बल्कि पूरी इंडस्ट्री का सिस्टम ऐसा हो गया है, जो रिस्क लेने से बचता है।सोना ने आगे कहा कि यह मुद्दा सिर्फ गानों का नहीं, बल्कि प्रतिनिधित्व का है। अगर इंडस्ट्री महिलाओं की मजबूत कहानियां बनाना बंद कर देगी, तो आगे चलकर बड़ी महिला स्टार्स भी नहीं बनेंगी।उन्होंने लिखा, 'मुद्दा ये नहीं है कि महिलाओं ने हार्टब्रेक गाने कभी गाए ही नहीं। असली बात ये है कि अब ऐसे गाने उनके लिए लिखे ही नहीं जाते। जब 80-90% बड़े गाने पुरुषों के लिए होंगे, तो महिला सिंगर्स को बराबरी का मुकाम कैसे मिलेगा?''जालिमा' गाना 2017 की फिल्म 'रईस' का है, जिसे अरिजीत सिंह और हर्षदीप कौर ने गाया था। इस गाने में शाहरुख खान और माहिरा खान नजर आए थे।

# अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर की शादी

## की रस्में हुईं शुरू, प्री-वेडिंग इवेंट में शामिल हुए अर्जुन और जान्हवी



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर की बहन और मशहूर फिल्म निर्माता बोनी कपूर की बेटी अंशुला कपूर जल्द ही अपने मंगेतर रोहन ठक्कर के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। उनके घर पर शादी से पहले के उत्सव और पूजा की रस्में शुरू हो चुकी हैं। जिसकी खास झलक शनाया कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है।इस खास मौके पर पूरा कपूर परिवार एक साथ नजर आया। पूजा के दौरान दूल्हा रोहन और दुल्हन अंशुला ने मिलकर आरती की। इस दौरान परिवार के कई सदस्य शामिल हुए।अभिनेता अर्जुन कपूर लाल रंग के पारंपरिक कपड़ों में भाई का फर्ज निभाते दिखे। वहीं जान्हवी कपूर और खुशी कपूर भी इस जश्न का हिस्सा बनीं।महीप कपूर, सुनीता कपूर, संजय कपूर और शनाया कपूर सहित पूरे परिवार ने पारंपरिक कपड़ों में सज-धजकर जोड़े को अपना आशीर्वाद दिया और साथ में तस्वीरें खिंचवाईं। अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर की पहली मुलाकात साल 2022 में एक डेटिंग ऐप के जरिए शुरू हुई थी। इन तस्वीरों को शनाया कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।अक्तूबर 2025 में अंशुला और रोहन की सगाई की रस्म हुई थी। रोहन ने अंशुला के पसंदीदा शहर के सेंट्रल पार्क में एक महल के सामने रात के ठीक 1:15 बजे उन्हें शादी के लिए प्रपोज किया था

# जैकलीन फर्नांडीस के बॉडीगार्ड से नाराज हुए फैंस



अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो मुंबई में हुए एक इवेंट का है, जिसमें जैकलीन शामिल हुईं। वायरल हो रहे इस वीडियो में एक्ट्रेस के बॉडीगार्ड का बर्ताव सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। वीडियो में जैकलिन अपने फैंस के साथ तस्वीरें खिंचवाने की कोशिश करती दिख रही हैं, जबकि उनका बॉडीगार्ड उनकी कलाई पकड़ कर उन्हें रोक रहा है।हालांकि, बॉडीगार्ड के उन्हें स्टेज से दूर ले जाने की कोशिश के बावजूद एक्ट्रेस ने अपने फैंस के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। लेकिन जैकलीन के बॉडीगार्ड के बर्ताव से इंटरनेट यूजर्स काफी नाराज हैं। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट किया, 'बहुत बुरा आदमी है। बॉडीगार्ड उनकी इज्जत नहीं करता। बहुत से लोग ऐसे लोगों को पसंद नहीं करते।'एक अन्य यूजर ने लिखा, 'प्रोटेक्टिव है सही पर उसको टच करने का राइट किसने दिया? बिना टच किए प्रोटेक्ट करे।' एक यूजर ने कहा, 'भाई ये एक्टर्स किसी दूसरे को टच नहीं होने देते, इसलिए बॉडीगार्ड दूर कर रहा है। पहले से समझा कर रखते हैं इन्हें।'वर्कफ्रंट की बात करें तो जैकलीन फर्नांडीस अगली बार 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगी। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# कॉकटेल 2' को मिला रविवार का फायदा




'कॉकटेल 2' ने पहले दिन शुक्रवार को 13.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन की इस फिल्म ने दूसरे दिन शनिवार को 16.25 करोड़ रुपये की कमाई की, जो पहले दिन के मुकाबले ज्यादा है। वहीं आज तीसरे दिन का कलेक्शन भी सामने आ चुका है।निर्देशक होमी अदजानिया की फिल्म 'कॉकटेल 2' की रिलीज को आज रविवार को पूरे तीन दिन हो चुके हैं। इस फिल्म रविवार को तीसरे दिन 14.81 करोड़ रुपये की कमाई की है। शाहिद कपूर की 'कॉकटेल 2' ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 44.56 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म लगातार ऐसे ही कमाई करती रही तो जल्द ही 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी।

निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी की फिल्म 'मां इंटी बंगारम' ने पहले दिन शुक्रवार को 5.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। सामंथा रुथ प्रभु की इस फिल्म ने दूसरे दिन शनिवार को 7.65 करोड़ कुपये की कमाई की। वहीं आज रविवार का तीसरे दिन का कलेक्शन भी सामने आ चुका है।सामंथा रुथ प्रभु की एक्शन फिल्म 'मां इंटी बंगारम' ने आज रविवार को तीसरे दिन 8.21 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो लगातार बढ़ती रहेगी। इस फिल्म ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 21.21 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है, जो शाहिद की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'कॉकटेल 2' से काफी कम है।'कॉकटेल 2' साल 2012 में आई हिट फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल है। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित यह एक रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में शाहिद कपूर ने कुणाल, कृति सेनन ने एली और रश्मिका मंदाना ने दीया की भूमिका निभाई है।इसके अलावा सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म 'मां इंटी बंगारम' एक भारतीय तेलुगु भाषा की एक्शन ड्रामा फिल्म है।

# विराट कोहली ने करण औजला के गाने

## विनिंग स्पीच' पर किया डांस, देखें वायरल वीडियो



पंजाबी म्यूजिक स्टार करण औजला ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। उन्होंने 'विनिंग स्पीच', 'वेवी' और 'एमएफ गबरू' जैसे अपने सबसे बड़े हिट गाने गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस दौरान विराट कोहली ने स्टेज पर करण के गाने पर जमकर डांस किया।पंजाबी म्यूजिक स्टार करण औजला ने इस कार्यक्रम में अपने सुपरहिट गाने जैसे 'विनिंग स्पीच', 'वेवी' और 'एमएफ गबरू' गाकर समां बांध दिया। यह शानदार कार्यक्रम आज रविवार को नई दिल्ली के 'यशोभूमि' में आयोजित किया गया, जहां भारी भीड़ उमड़ी। इस कार्यक्रम के कई वीडियो करण ने अपने इंस्टाग्राम पर भी शेयर किए हैं।इस कार्यक्रम का सबसे यादगार पल तब आया जब करण औजला ने भारतीय क्रिकेटर और 'One8' के फाउंडर विराट कोहली को स्टेज पर बुलाया। करण ने दोबारा 'विनिंग स्पीच' गाना गाया और कोहली इस गाने की बीट्स पर झूमते और डांस करते नजर आए। एएनआई के अनुसार, विराट कोहली ने बताया कि वह काफी समय से करण औजला के बहुत बड़े फैन हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें 'विनिंग स्पीच' गाना सबसे ज्यादा पसंद है क्योंकि यह गाना उन्हें अपनी जवानी के दिनों के सफर की याद दिलाता है। कोहली ने यह भी बताया कि वह मैच खेलने जाने से पहले अक्सर इस गाने को सुनते हैं। इस खास मौके पर मशहूर फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता भी मौजूद थीं, जिन्होंने 'One8' के फैशन आइकन के रूप में रैंप वॉक किया। स्टेज पर विराट और करण की इस केमिस्ट्री को देखकर वहां पर मौजूद फैंस खुशी से झूम उठे।

# यह कलाकार बना भारत का सबसे महंगा एक्टर, शाहरुख-रजनीकांत को छोड़ा पीछे



ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणवीर सिंह ने एक ही प्रोजेक्ट से करीब 325 करोड़ की कमाई की है, जो किसी भी भारतीय एक्टर के लिए अब तक की सबसे बड़ी रकम मानी जा रही है।रणवीर सिंह को यह बड़ी कमाई उनकी फिल्म 'धुरंधर' से हुई है। यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज हुई थी और दोनों ही पार्ट्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। इन दोनों फिल्मों ने मिलाकर दुनिया भर में करीब 3200 करोड़ का कलेक्शन किया, जिसमें से भारत में ही 1900 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई। बताया जा रहा है कि रणवीर ने इस फिल्म के लिए अपनी नोर्मल फीस नहीं ली थी। उन्होंने प्रॉफिट शेयरिंग मॉडल अपनाया था, यानी फिल्म के मुनाफे में हिस्सा लिया। इतना ही नहीं, जब फिल्म का बजट बढ़ गया तो उन्होंने खुद भी पैसे लगाए, जिससे उनका हिस्सा और बढ़ गया। थिएटर कलेक्शन, डिजिटल राइट्स, सैटेलाइट राइट्स और म्यूजिक राइट्स से हुई कमाई को मिलाकर रणवीर का हिस्सा करीब 325 करोड़ तक पहुंच गया।इससे पहले सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड साउथ सुपरस्टार रजनीकांत के नाम था, जिन्होंने 2024 की फिल्म 'जेलर' से 250 करोड़ से ज्यादा कमाए थे। वहीं, अल्लू





अर्जुन और प्रभास भी अपनी फिल्मों 'पुष्पा 2' और 'कल्कि 2898 एडी' से 200 करोड़ से ज्यादा कमा चुके हैं। बॉलीवुड में इससे पहले यह रिकॉर्ड शाहरुख खान के नाम था, जिन्होंने 2023 में 'पठान' और 'जवान' जैसी फिल्मों से करीब 200 करोड़ प्रति फिल्म कमाए थे।एक समय था जब किसी एक्टर का 10 करोड़ फीस लेना भी बड़ी बात होती थी। 90 के दशक में चिरंजीवी, कमल हासन और श्रीदेवी ऐसे स्टार्स थे, जिन्होंने पहली बार 1 करोड़ फीस ली थी। फिर धीरे-धीरे खान सुपरस्टार्स ने इस फीस को नई ऊंचाई पर पहुंचाया। और अब, 2026 में रणवीर सिंह ने 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर इतिहास रच दिया है।

# The Bonus Market Update:

## सेंसेक्स ने लगाई 400 अंकों की छलांग; निफ्टी 24100 के पार पहुंचा




### आज बाजार खुलते ही निवेशकों को कितना हुआ फायदा

सोमवार को भारतीय शेयर बाजार ने एक बार फिर अपना पुराना मोमेंटम हासिल करते हुए मजबूती के साथ शुरुआत की। सेंसेक्स 423.30 अंक (0.55%) की जोरदार छलांग लगाते हुए 77,226.20 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी ने भी 119.11 अंक (0.50%) की बढ़त के साथ 24,132.20 पर कारोबार शुरू किया। शुक्रवार को लगातार पांच दिनों की तेजी पर ब्रेक लग गया था, लेकिन सोमवार की इस शानदार रिकवरी ने निवेशकों को बड़ी राहत दी है। आज के शुरुआती कारोबार में एचसीएल टेक और मारुति के शेयर मुनाफे वाले शेयरों (टॉप गेनर्स) की लिस्ट में सबसे आगे रहे। घरेलू बाजार में आज जहां खरीदारी का जोर है, वहीं दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले रुझान सामने आ रहे हैं। एक तरफ जापान के टॉपिक्स इंडेक्स में 1.3% और ऑस्ट्रेलिया के S&P/ASX 200 में 0.1% की मजबूती देखी गई।दूसरी तरफ, अमेरिकी बाजार में सुस्ती नजर आई जहां S&P 500 फ्यूचर्स 0.4% गिर गए।

हफ्ते के पहले दिन शेयर बाजार ने की शानदार वापसी। सेंसेक्स 400 अंक उछला और निफ्टी 24,100 के पार खुला। मॉनसून की सुस्ती और ग्लोबल मार्केट का क्या होगा असर? पूरी खबर पढ़ें और मार्केट का हाल जानें। पिछले हफ्ते के आखिरी दिन की सुस्ती के बाद, सोमवार की सुबह शेयर बाजार के निवेशकों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आई है। सेंसेक्स और निफ्टी ने जोरदार वापसी करते हुए 'हरे निशान' में शानदार शुरुआत की है। लेकिन, इस तेजी के बीच एक चिंता है जो निवेशकों और नीति-निर्माताओं के माथे पर लकीरें खींच रही है- और वह है मॉनसून की धीमी चाल।बाजार में भले ही रौनक लौट आई है, लेकिन आने वाले दिनों में बाजार की चाल काफी हद तक मॉनसून की प्रगति पर निर्भर करेगी। मौजूदा अल नीनो परिस्थितियों के कारण इस साल जून में अब तक सामान्य से लगभग 38% कम बारिश दर्ज की गई है। अगर मॉनसून में और देरी होती है, तो इसका सीधा असर खरीफ फसलों की बुवाई पर पड़ेगा। पैदावार कम होने की आशंका से खाद्य महंगाई (फूड इन्फ्लेशन) बढ़ सकती है और ग्रामीण इलाकों में मांग घट सकती है।ये ऐसे कारक हैं जो सीधे तौर पर देश की अर्थव्यवस्था और कॉरपोरेट अर्निंग्स को प्रभावित कर सकते हैं।एशियाई बाजारों में भी दबाव देखने को मिला; हांगकांग का हैंग सेंग 1.3% और शंघाई कंपोजिट 0.2% की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। इसके अलावा यूरोप के यूरो स्टॉक्स 50 फ्यूचर्स में भी 0.3% की गिरावट दर्ज की गई है।कुल मिलाकर, हफ्ते की शुरुआत भारतीय शेयर बाजार के लिए बेहद सकारात्मक रही है।

# ULIP: तस्वीर बदल चुकी है, दोबारा लौट रहे हैं यूलिप

## एफडी पर घटते ब्याज के बीच बन रहा विकल्प




इक्विटी फंड की विविधता: निवेशक अपनी जोखिम क्षमता के अनुसार लार्ज कैप, मिड कैप, फ्लेक्सी कैप, इंडेक्स फंड सहित कई प्रकार के इक्विटी फंड में निवेश का विकल्प चुन सकते हैं।नए यूलिप में मुख्य खर्च केवल फंड मैनेजमेंट चार्ज है, जो IRDAI के अनुसार अधिकतम 1.35% प्रतिवर्ष तक सीमित है। यह म्यूचुअल फंड के खर्चों के करीब है। लंबी अवधि (10–15 वर्ष) में इक्विटी-आधारित यूलिप ने औसतन 10%–13% तक का रिटर्न दिया है, जो पारंपरिक बीमा योजनाओं के 4-5 फीसदी रिटर्न से कहीं बेहतर है।यूलिप एक ऐसा उत्पाद है जो बीमा और निवेश को एक साथ जोड़ता है। प्रीमियम का एक हिस्सा मृत्यु लाभ के लिए और शेष हिस्सा चुने गए फंड में निवेश के लिए उपयोग होता है। यह प्लान उन निवेशकों के लिए बेहतर है यूलिप तब लेना उचित है जब आपके पास कम से कम 10 से 15 वर्ष का निवेश समय हो। कम अवधि में यूलिप का लाभ सीमित रहता है। यह बच्चों की शिक्षा, सेवानिवृत्ति योजना या दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के लिए एक प्रभावी साधन हो सकता है।यदि आपके पास पहले से पर्याप्त टर्म इंश्योरेंस है और आप अतिरिक्त बीमा कवर के साथ निवेश करना चाहते हैं, तो यूलिप एक सहायक विकल्प हो सकता है। हालांकि, प्राथमिक जीवन बीमा के लिए टर्म प्लान सर्वोत्तम रहता है। यूलिप को सेकेंडरी कवर के रूप में तभी लें जब आपकी दीर्घकालिक निवेश योजना इससे मेल खाती हो

नए यूलिप में मुख्य खर्च केवल फंड मैनेजमेंट चार्ज है, जो IRDAI के अनुसार अधिकतम 1.35% प्रतिवर्ष तक सीमित है। यह म्यूचुअल फंड के खर्चों के करीब है। लंबी अवधि (10–15 वर्ष) में इक्विटी-आधारित यूलिप ने औसतन 10%–13% तक का रिटर्न दिया है, जो पारंपरिक बीमा योजनाओं के 4-5 फीसदी रिटर्न से कहीं बेहतर है।देश के प्रमुख बैंक अपने ग्राहकों को यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) बेचने में सक्रिय हो गए हैं। इसकी मुख्य वजह है बैंक एफडी पर मिलने वाले ब्याज का घटना। वहीं, यूलिप में बाजार से जुड़ा बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना है। बैंक इसे एक समग्र वित्तीय समाधान के रूप में पेश कर रहे हैं, जिसमें बीमा कवर भी है और निवेश का अवसर भी।हाल के वर्षों में यूलिप की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बीमा उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, निजी जीवन बीमा कंपनियों के कुल प्रीमियम संग्रह में यूलिप की हिस्सेदारी 50 फीसदी से अधिक हो चुकी है, जो बाजार में इसकी बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाती है।एक दशक पहले भारी-भरकम शुल्क, कम रिटर्न और जटिल संरचना के कारण यूलिप की छवि खराब हो गई थी। लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। आईआरडीएआई के सख्त नियमों के बाद नए यूलिप में बड़े सुधार हुए हैं

# सिप तोड़ना नहीं, मौका छोड़ना नहीं:

## वैश्विक अनिश्चितता और युद्ध से घटा निवेश,




इक्विटी म्यूचुअल फंड के मासिक निवेश में अचानक बड़ी गिरावट आने के बाद, हजारों निवेशक इस सवाल से जूझ रहे हैं, अब क्या करें? सिप जारी रखें या रुक जाएं? क्या आप भी सिप रोकने या रिडेम्पशन करने की सोच रहे हैं? तो ठहरिए एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मई के आंकड़ों ने कई निवेशकों के दिल की धड़कन बढ़ा दी है। वैश्विक अनिश्चितता और युद्ध के बीच मई में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मासिक आधार पर 40 फीसदी घटा है। मई में सिर्फ 22,878 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ। अप्रैल में यह आंकड़ा 38,148 करोड़ और मार्च में 40,450 करोड़ रुपये था।राहत की खबर है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम और होर्मुज जलमार्ग खोलने पर सहमति बनने के बाद से बाजार में लगातार निचले स्तरों से वापसी शुरू हुई है। पिछले चार कारोबारी सत्रों में निफ्टी-50 में करीब 4 फीसदी की तेजी आ चुकी है।जब बाजार में रिकवरी शुरू होती है, तो आम निवेशक अक्सर पीछे छूट जाने के डर (FOMO) का शिकार हो जाता है। वह सोचता है कि अगर अभी सारा पैसा नहीं लगाया, तो ट्रेन छूट जाएगी। जोश में आकर होश खोने की यह गलती आपके पूरे वित्तीय भविष्य को नुकसान पहुंचा सकती है।

बाजार जब मंदी या दबाव के दौर से निकलकर वापस ऊपर की ओर कदम बढ़ा रहा हो, तो अपने पोर्टफोलियो के आईने को साफ करने का यह सबसे मुफीद समय है।अगर आपका कोई इक्विटी फंड अपनी ही श्रेणी के दूसरे प्रतिस्पर्धी फंड्स और अपने बेंचमार्क सूचकांक के मुकाबले लगातार खराब प्रदर्शन कर रहा है, तो इस रिकवरी के दौर में उससे बाहर निकलिए। रिकवरी में जब उस फंड की एनएवी थोड़ी सुधरे, तो पैसा निकालकर किसी मजबूत फंड में लगा दें




# Gold-Silver Price:

## आसमान से जमीन पर आए सोने-चांदी के दाम, लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड गिरावट

शांति समझौते और फेड रिजर्व के तगड़े झटके से सर्राफा बाजार में हाहाकार मच गया है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध की तलवार क्या खिंची, सोने और चांदी की कीमतों ने आसमान से सीधे जमीन की तरफ दौड़ लगा दी। लगातार दूसरे दिन की भारी बिकवाली के चलते चांदी एक ही झटके में ₹8,200 से ज्यादा सस्ती हो गई है, वहीं शुद्ध सोना भी ₹3,123 प्रति 10 ग्राम तक टूट गया है। इस रिकॉर्ड गिरावट के बाद अब सोना ₹1.45 लाख और चांदी ₹2.32 लाख के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे फिसल गए हैं।



अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते का असर पूरी दुनिया के बाजारों में देखने को मिल रहा है। सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट देखने को मिली। इससे सोने का दाम 1.45 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का दाम 2.32 लाख रुपए प्रति किलो से नीचे आ गया है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम 3,123 रुपए कम होकर 1,44,970 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,48,093 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 22 कैरेट सोने का दाम 1,35,653 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,32,793 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 18 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 1,08,728 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,11,070 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली है।




चांदी का दाम 8,218 रुपए कम होकर 2,31,93 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,40,191 रुपए प्रति किलो था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। कॉमेक्स पर सोना 1.68 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,174.47 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.91 डॉलर प्रति औंस पर थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि फेडरल रिजर्व की ओर से 2026 में ब्याज दरें एक बार बढ़ाने के संकेत के बाद सोने की कीमतों पर दबाव देखने को मिल रहा है। इससे अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ और सोने जैसी बिना रिटर्न वाली संपत्तियों का आकर्षण कम हो गया। फेड के सख्त रुख के कारण बुलियन बाजारों में बड़े पैमाने पर प्रॉफिट बुकिंग देखी गई।उन्होंने आगे कहा कि फेड की पॉलिसी के ऐलान के बाद पिछले कुछ सेशन में कॉमेक्स गोल्ड की कीमत लगभग 4375 डॉलर प्रति औंस से गिरकर 4150 डॉलर प्रति औंस हो गई है,

# Oil Import: भारत ने बढ़ाई रूस और यूएई से तेल खरीद, अमेरिका को दिया झटका




हॉर्मुज संकट के दौरान एलपीजी क्षेत्र में सबसे बड़ा बदलाव देखने को मिला। खाड़ी क्षेत्र से आपूर्ति प्रभावित होने के बाद अमेरिका भारत के लिए एक प्रमुख एलपीजी आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा। पिछले वर्ष हुए दीर्घकालिक आपूर्ति समझौते ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि, लंबी दूरी के कारण परिवहन लागत बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि हॉर्मुज के पूरी तरह सामान्य होने के बाद खाड़ी देशों की बाजार हिस्सेदारी फिर बढ़ सकती है, लेकिन भारत का आयात स्रोत पहले की तुलना में अधिक विविध बना रहेगा।

पश्चिम एशिया संकट के चलते भारत ने अपनी तेल खरीद को विविध देशों में बांटा है, ताकि पश्चिम एशिया संकट के असर को कम किया जा सके। हालिया आंकड़ों के अनुसार, रूस, भारत का सबसे बड़ा तेल निर्यातक देश बना हुआ है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पूरी तरह सामान्य होने से पहले भारत ने रूस और संयुक्त अरब अमीरात से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। विश्लेषकों के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों ने आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया है, ताकि पश्चिम एशिया संकट के असर को कम किया जा सके। समुद्री और कमोडिटी इंटेलिजेंस फर्म कपलर के आंकड़ों के मुताबिक, जून में 19 जून तक भारत ने रूस से औसतन 26.6 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया, जो मई में 19.1 लाख बैरल प्रतिदिन था। इसके साथ ही रूस भारत का सबसे बड़ा तेल बना हुआ है।वहीं, संयुक्त अरब अमीरात से जून में 6.36 लाख बैरल प्रतिदिन तेल आयात किया गया, जो मई में दर्ज रिकॉर्ड 6.44 लाख बैरल से थोड़ा कम है। इस दौरान वेनेजुएला 2.09 लाख बैरल प्रतिदिन की आपूर्ति के साथ भारत का चौथा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा, जबकि सऊदी अरब से 3.84 लाख बैरल प्रतिदिन तेल आयात हुआ। इसके विपरीत, अमेरिका से तेल आयात में तेज गिरावट दर्ज की गई। जून में यह घटकर 91,000 बैरल प्रतिदिन रह गया, जबकि मई में यह 2.52 लाख बैरल प्रतिदिन था।भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस की जरूरत का करीब 50 प्रतिशत और एलपीजी खपत का लगभग 65 प्रतिशत आयात करता है।भारत के तीन ध्वजवाहक तेल टैंकर, जिनमें 8.6 लाख टन से अधिक कच्चा तेल लदा था,



### रूस और यूएई पर बढ़ा भरोसा

विशेषज्ञों का कहना है कि रियायती दरों पर उपलब्ध रूसी तेल भारतीय रिफाइनरों के लिए अब भी पहली पसंद बना हुआ है। वहीं यूएई से बढ़ी खरीद ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता की भरपाई करने में मदद की है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा आयातक भारत अपनी तेल, प्राकृतिक गैस (LNG) और रसोई गैस (LPG) की जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर खाड़ी क्षेत्र पर निर्भर है। ईरान युद्ध के बाद हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किए जाने से ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई थी। यह जलमार्ग वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत वहन करता है और सऊदी अरब, इराक, कुवैत, यूएई तथा कतर जैसे देशों के लिए प्रमुख निर्यात मार्ग है। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम समझौते के बाद पिछले सप्ताह के अंत धीरे बहाल होने लगी है।

# Aaj Ka Rashifal 22 June

## खुशखबरी से शुरू होगा इन 5 राशियों का दिन नौकरी-परीक्षा में मिलेंगे अच्छे परिणाम

22 June Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 22 जून 2026 का राशिफल। 22 जून का दिन कई राशि वालों के लिए आर्थिक मामलों में लाभदायक साबित हो सकता है और आय में बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं। वहीं कुछ राशि वालों को कामकाज और निजी जीवन में चुनौतियों का सामना भी करना पड़ सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा 22 जून का राशिफल।



### मेष

आज आपको अपने खर्चों पर थोड़ा कंट्रोल रखने की जरूरत है, क्योंकि मनमर्जी में किया गया खर्च बाद में परेशानी बढ़ा सकता है। आपका बेफिक्र अंदाज कुछ लोगों को परेशान कर सकता है, इसलिए कामकाज में थोड़ा गंभीर रहना बेहतर होगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-सी लापरवाही भी गड़बड़ी करा सकती है, इसलिए हर काम ध्यान से करें। संतान के करियर को लेकर खुलकर बातचीत करना आपके रिश्ते को और मजबूत बनाएगा। जीवनसाथी के साथ बेवजह बहस करने से बचें, वरना छोटी बात बड़ा रूप ले सकती है।

### वृषभ

आज आपका मन पूजा-पाठ और धार्मिक कार्यों में खूब लगेगा। किसी धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर आपको मानसिक शांति मिलेगी और सम्मान भी बढ़ेगा। सामाजिक आयोजन में कोई उपहार या सराहना मिलने से मन खुश रहेगा। सेहत से जुड़ी पुरानी परेशानी में राहत मिल सकती है। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात दिन को और खास बना देगी। बिजनेस से जुड़ा बड़ा फैसला सोच-समझकर लें और फिलहाल साझेदारी वाले कामों से दूरी बनाए रखना ही समझदारी होगी।

### मिथुन

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बेहद शुभ संकेत लेकर आया है। पढ़ाई और उच्च शिक्षा से जुड़े नए रास्ते खुल सकते हैं। पैसों के लेन-देन में पूरी सावधानी रखें और पुराने उधार को चुकाने की कोशिश करें। जीवनसाथी की ओर से कोई प्यारा सरप्राइज आपका दिल खुश कर सकता है। वाहन चलाते समय लापरवाही बिल्कुल न करें। आमदनी बढ़ाने के लिए आपको नई योजनाओं पर मेहनत करनी होगी और आपकी कोशिशें धीरे-धीरे रंग भी लाएंगी।

### कर्क

आज का दिन मिला-जुला असर देने वाला रहेगा। आसपास किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है, लेकिन उसमें चुप रहना ही आपके लिए बेहतर रहेगा। नौकरी से जुड़े काम के कारण यात्रा करनी पड़ सकती है। खोई हुई कोई प्रिय चीज मिलने से मन खुश हो जाएगा। कामों को बिना योजना के करने के बजाय सोच-समझकर आगे बढ़ें, तभी सफलता मिलेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होने के संकेत हैं।

### सिंह

आज आप सफलता की ओर मजबूत कदम बढ़ाएंगे, लेकिन विरोधी आपके रास्ते में रुकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं। मेहनत और धैर्य ही आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होगी। संतान आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती है, जिसे आप पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। दोस्तों के साथ हंसी-मजाक और मौज-मस्ती में भी अच्छा समय बीतेगा। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा करने से बचें। प्रॉपर्टी खरीदने या बेचने से जुड़ी योजना भी मन में बन सकती है।

### कन्या

आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है, इसलिए अपनी वाणी और व्यवहार पर खास ध्यान दें। किसी कानूनी मामले को लेकर तनाव बढ़ सकता है। कामकाज में पूरी सतर्कता रखें और ऑफिस में वरिष्ठों की बातों को नजरअंदाज न करें। मनचाहा काम न मिलने से थोड़ी निराशा हो सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें। परिवार के मामलों में बाहरी लोगों की सलाह लेने से बचें। भाई-बहनों का साथ और सहयोग आपको राहत देगा।

### तुला

आज पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ना ही आपके लिए सबसे बड़ी समझदारी होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह को लेकर चिंता बनी रह सकती है और इस बारे में बड़े-बुजुर्गों से सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। काम को टालने की आदत नुकसान दे सकती है, इसलिए समय पर जिम्मेदारियां पूरी करें। आप अपने धन को किसी अच्छी योजना में निवेश करने का विचार बना सकते हैं। संतान को नौकरी या करियर के सिलसिले में बाहर जाना पड़ सकता है।

### वृश्चिक

आज आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की जरूरत होगी। बिजनेस से जुड़े किसी काम के लिए यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी को पैसा उधार देने से पहले अच्छी तरह सोच लें। जीवनसाथी से ऐसी कोई बात न कहें, जिससे रिश्तों में तनाव पैदा हो। पारिवारिक मामलों को मिल-बैठकर सुलझाने की कोशिश करें, क्योंकि बाहरी लोगों की सलाह उलझन बढ़ा सकती है। समझदारी और संयम से ही दिन बेहतर बनेगा।

### धनु

आज का दिन सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का है। आपकी पहचान और सम्मान दोनों में वृद्धि होगी। आमदनी के नए रास्ते खुल सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। भाई-बहनों के साथ किसी बात पर हल्की नोकझोंक हो सकती है, इसलिए शांत रहना ही बेहतर होगा। छोटे बच्चे किसी चीज की जिद कर सकते हैं और आप उनकी खुशी के लिए उनकी इच्छा पूरी भी करेंगे।

### मकर

आज आपको अपनी कमाई और खर्चों के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा। बिजनेस में बदलाव करने से पहले हर पहलू को अच्छे से समझ लें। विदेश से जुड़े व्यापार करने वालों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आप अपने रहन-सहन में बदलाव लाने के लिए नए कपड़े या गहनों की खरीदारी कर सकते हैं। दान-पुण्य और सेवा के कार्यों में भी आपका मन लगेगा। किसी जरूरतमंद की मदद करने का मौका मिले, तो जरूर आगे बढ़ें।

### कुंभ

आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है, लेकिन आपकी समझदारी और धैर्य आपको हर परिस्थिति में संभाल लेंगे। लोगों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे और किसी राजनीतिक या सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का मौका भी मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में छोटी-सी गलती के कारण डांट सुननी पड़ सकती है, इसलिए सावधानी से काम करें। परिवार में किसी सदस्य के रिश्ते की बात पक्की होने से घर का माहौल खुशियों से भर जाएगा।

### मीन

आज आपको अपनी बात बहुत सोच-समझकर कहने की जरूरत है, क्योंकि आपकी छोटी-सी बात भी बड़ा असर डाल सकती है। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर खुल सकते हैं। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने के अच्छे संकेत हैं। हालांकि परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता बनी रह सकती है। आपका कोई फैसला बाद में परेशानी का कारण बन सकता है, इसलिए जल्दबाजी से बचें। लंबे समय से रुका सरकारी काम पूरा करने के लिए आज अच्छा अवसर मिल सकता है।

# Aaj Ka Love Rashifal

## कर्क और मीन राशि वालों के रिश्तों में गहराई आएगी जानें क्या कहती है आपकी राशि

Love Rashifal 22 June 2026: 22 जून का लव राशिफल पढ़ें और जानें मेष से मीन तक सभी राशियों के प्रेम जीवन, रिश्तों और वैवाहिक संबंधों पर ग्रह-नक्षत्रों का क्या प्रभाव रहेगा। पढ़ें आज का लव राशिफल हिंदी में। 22 जून को ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि रहेगी।



### मेष लव राशिफल (Aries Love Horoscope):

आज पार्टनर की तरफ से कोई खास सरप्राइज या तोहफा मिल सकता है। साथ में रोमांटिक मूवी या डेट पर जाने का योग बन रहा है। सिंगल लोगों को किसी की बातचीत थोड़ी अजीब लग सकती है, जिससे हल्की जलन या असहजता महसूस हो सकती है।

### वृषभ लव राशिफल (Taurus Love Horoscope):

आज पार्टनर किसी बाहरी व्यक्ति की बातों में आकर आप पर शक कर सकता है, जिससे रिश्ते में दूरी जैसी स्थिति बन सकती है। सिंगल लोग अपने क्रश को पाने के लिए काफी प्रयास करेंगे और दिल से मेहनत करेंगे

### मिथुन लव राशिफल (Gemini Love Horoscope):

आज आपकी लव लाइफ में रोमांस और उत्साह बढ़ेगा। पार्टनर के साथ अच्छा समय और डेट का मौका मिल सकता है। सिंगल लोग अपने क्रश को दिल की बात कहने की कोशिश करेंगे, जो उनके लिए अहम पल होगा।

### कर्क लव राशिफल (Cancer Love Horoscope):

आज पार्टनर आपके साथ ज्यादा समय बिताने की कोशिश करेगा। किसी छोटी बात को लेकर बहस होने की संभावना भी है। सिंगल लोगों की अचानक किसी पुराने प्यार या एक्स से मुलाकात हो सकती है।

### सिंह लव राशिफल (Leo Love Horoscope):

आज आपकी लव लाइफ में आकर्षण और रोमांस बढ़ेगा। पार्टनर रिश्ते में नई गर्माहट लाने की कोशिश करेगा। सिंगल लोगों को क्रश की कोई बात थोड़ी चुभ सकती है।

### कन्या लव राशिफल (Virgo Love Horoscope):

आज पार्टनर की तरफ से कोई प्यारा सा सरप्राइज मिल सकता है। रिश्तों में रोमांस और अपनापन बढ़ेगा। सिंगल लोगों का दिल क्रश के सामने आने से तेज धड़क सकता है।

### तुला लव राशिफल (Libra Love Horoscope):

आज रिश्तों में थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। बातचीत में नरमी रखें वरना छोटी बात बड़ा विवाद बन सकती है। समझदारी से बात करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

### वृश्चिक लव राशिफल (Scorpio Love Horoscope):

आज मैरिड लाइफ में हल्की बोरियत महसूस हो सकती है। रिश्तों को फिर से फ्रेश करने के लिए आपको पहल करनी होगी। बाहर घूमना या साथ में समय बिताना अच्छा रहेगा।

### धनु लव राशिफल (Sagittarius Love Horoscope):

आज गलतफहमियां दूर होने के योग बन रहे हैं। रिश्तों में सुधार आएगा और नई शुरुआत हो सकती है। सिंगल लोगों को शादी या रिश्ते के अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं।

### मकर लव राशिफल (Capricorn Love Horoscope):

आज आपकी लव लाइफ में रोमांस और समझदारी दोनों बढ़ेंगे। पार्टनर के साथ आपकी केमिस्ट्री मजबूत रहेगी। सिंगल लोगों को कोई खास व्यक्ति आकर्षित कर सकता है।

### कुंभ लव राशिफल (Aquarius Love Horoscope):

आज शादीशुदा लोगों के लिए दिन काफी रोमांटिक रहेगा। पुराने मतभेद खत्म होने की संभावना है। सिंगल लोग ऑफिस या काम की जगह पर किसी को पसंद कर सकते हैं।

### मीन लव राशिफल (Pisces Love Horoscope):

आज रिलेशनशिप में भविष्य को लेकर गंभीर बातचीत हो सकती है। शादीशुदा जीवन में नई ऊर्जा आएगी। सिंगल लोगों की जिंदगी में कोई नया व्यक्ति एंट्री कर सकता है।

# वैभव सूर्यवंशी: बड़े मंच का बड़ा खिलाड़ी! दबाव बढ़ते ही और खतरनाक हो जाते हैं 'बेबी बॉस' जमकर गरजता है बल्ला



वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बड़े मंच और दबाव वाले मुकाबले उनके खेल को और निखार देते हैं। श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में 29 गेंदों पर 94 रन की विस्फोटक पारी खेलकर 15 वर्षीय बल्लेबाज ने आलोचकों को जवाब दिया। अंडर-19 विश्व कप फाइनल, आईपीएल 2026 और अब इस फाइनल में उनके प्रदर्शन बताते हैं कि वैभव उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो रहे हैं जो बड़े मौकों पर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाते हैं। क्रिकेट में प्रतिभाएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो बहुत कम उम्र में ही यह संकेत दे देते हैं कि वे साधारण नहीं हैं। भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी भी अब उसी श्रेणी में आते दिखाई दे रहे हैं। महज 15 साल की उम्र में उन्होंने बार-बार साबित किया है कि बड़े मुकाबलों का दबाव उन्हें डराता नहीं, बल्कि और अधिक खतरनाक बना देता है। हाल ही में श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के दौरान वैभव पहली बार अपने खेल से ज्यादा खराब प्रदर्शन और एक विवाद की वजह से चर्चा में आए। फाइनल से पहले तक उनका बल्ला नहीं बोला था।



वह 30-40 के स्कोर पर आउट हो रहे थे। इसके बाद मैदान पर श्रीलंकाईखिलाड़ियों के साथ हुई कहासुनी ने उनकी मानसिकता को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए। कुछ लोगों ने इसे उनकी अपरिपक्वता बताया तो कुछ ने अंदाजा लगाया कि इसका असर उनके प्रदर्शन पर पड़ सकता है, लेकिन वैभव ने जवाब शब्दों से नहीं, बल्ले से दिया। त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में वैभव ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। पहले ही ओवर में मोहम्मद शिराज की गेंद पर शानदार चौका लगाकर उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिए। इसके बाद जो हुआ, वह किसी तूफान से कम नहीं था। वैभव ने सिर्फ 29 गेंदों में 94 रन ठोक डाले। इस दौरान उन्होंने गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और मैदान के हर कोने में शॉट लगाए। उनकी स्ट्राइक रेट 324.14 रही, जो किसी भी स्तर के क्रिकेट में असाधारण मानी जाती है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि उन्होंने महज 11 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर लिया। यह ऐसी पारी थी जिसने मैच का रुख बदल दिया और फाइनल को लगभग एकतरफा बना दिया। वैभव जब बल्लेबाजी कर रहे थे, तब एक वक्त तो भारत का प्रोजेक्टेड स्कोर 950 तक पहुंच गया था। इस पारी को सिर्फ एक विस्फोटक पारी कहकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि वैभव के पिछले एक साल के प्रदर्शन पर नजर डालें तो एक पैटर्न साफ दिखाई देता है



## Womens T20 WC: द.अफ्रीका से हार के बाद टीम इंडिया पर लटकी तलवार? जानें क्या है सेमीफाइनल में पहुंचने का समीकरण

महिला टी20 विश्व कप 2026 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह विकेट की हार ने भारत की सेमीफाइनल राह को मुश्किल जरूर बना दिया है, लेकिन टीम अभी भी दौड़ से बाहर नहीं हुई है। भारत को अपने बाकी दोनों मुकाबलों में जीत हासिल करनी होगी या कम से कम एक जीत के साथ नेट रन रेट की लड़ाई में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश से आगे रहना होगा। दूसरी ओर, दोनों मैच हारने पर भारत का सफर यहीं समाप्त हो जाएगा। महिला टी20 विश्व कप 2026 में लगातार दो जीत के बाद भारत की विजयी रफ्तार पर दक्षिण अफ्रीका ने ब्रेक लगा दिया। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेले गए



ग्रुप मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल की दौड़ को और रोमांचक बना दिया। इस हार के बावजूद भारतीय टीम अभी भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर बनी हुई है, लेकिन अब उसके लिए आगे की राह पहले से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गई है। दक्षिण अफ्रीका की स्टार ऑलराउंडर मारिजाने कैप ने मैच का रुख लगभग अकेले ही बदल दिया। पहले गेंद से 2/27 का शानदार प्रदर्शन करने वाली कैप ने बाद में नाबाद 81 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 45 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाए। भारत के लिए सबसे बड़ा झटका यह रहा कि कैप को दो जीवनदान मिले। स्थानापन्न खिलाड़ी राधा यादव ने उनके दो कैच छोड़े और यही चूक टीम इंडिया पर भारी पड़ गई। कैप ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीका को 19.1 ओवर में 161 रन तक पहुंचा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 20 ओवर में 158/7 का स्कोर ही बना सकी। टीम के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। बल्लेबाजी में वह आक्रामकता नहीं दिखी जिसकी जरूरत बड़े मुकाबलों में होती है। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में रनगति पर अंकुश लगाया, जिसका असर भारत के अंतिम स्कोर पर साफ दिखाई दिया।

## इंग्लैंड को डबल झटका: न्यूज़ीलैंड से हार के बाद क्यों चला ICC का चाबुक? WTC में 12 अंक काटे 50% मैच फीस भी गई

ओवल टेस्ट में न्यूजीलैंड के हाथों 253 रन की करारी हार झेलने के बाद इंग्लैंड को ICC से भी बड़ा झटका लगा है। धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण ICC ने इंग्लैंड के 12 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) अंक काट दिए हैं और खिलाड़ियों पर 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना भी लगाया है। इस सजा के बाद इंग्लैंड का अंक प्रतिशत 34.72 से गिरकर 26.38 रह गया है और टीम सातवें स्थान पर बनी हुई है। ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली 253 रन की करारी हार के बाद इंग्लैंड को एक और बड़ा झटका लगा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण इंग्लैंड के 12 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) अंक काट दिए हैं। इसके अलावा खिलाड़ियों पर 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना भी लगाया गया है। आईसीसी के इस फैसले ने इंग्लैंड की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। अंक कटने के बाद टीम के कुल अंक घटकर 38 रह गए हैं, जबकि उसका अंक प्रतिशत 34.72 से गिरकर 26.38 हो गया है। इसके बावजूद इंग्लैंड फिलहाल सातवें स्थान




पर बना हुआ है।हैआईसीसी की ओर से जारी बयान के अनुसार, समय भत्ते को ध्यान में रखने के बाद इंग्लैंड निर्धारित लक्ष्य से 12 ओवर पीछे पाया गया। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत न्यूनतम ओवर गति से जुड़े मामलों में खिलाड़ियों पर प्रति ओवर पांच प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया जाता है।। चूंकि इंग्लैंड 12 ओवर पीछे था, इसलिए अधिकतम सीमा के अनुसार खिलाड़ियों पर 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया। वहीं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नियम 16.11.2 के अनुसार प्रत्येक कम ओवर के लिए एक अंक काटा जाता है। इसी आधार पर इंग्लैंड के 12 डब्ल्यूटीसी अंक घटा दिए गए।

## IND vs AFG: भारत से हार के बाद अफगानिस्तान को एक और झटका कप्तान शाहिदी पर आईसीसी ने क्यों ठोका जुर्माना?



भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में पिच पर बार-बार दौड़कर आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने पर अफगानिस्तान के कप्तान हश्मतुल्लाह शाहिदी को आधिकारिक फटकार और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। चेतावनी के बावजूद नियम तोड़ने पर उनकी टीम पर पांच रन की पेनाल्टी भी लगाई गई। भारत के खिलाफ चेन्नई में खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले के दौरान आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने पर अफगानिस्तान के कप्तान हश्मतुल्लाह शाहिदी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आधिकारिक फटकार लगाई है। आईसीसी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि शाहिदी ने आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के अनुच्छेद 2.10.10 का उल्लंघन किया, जो बल्लेबाज द्वारा पिच को जानबूझकर या टाला जा सकने वाला नुकसान पहुंचाने से संबंधित है। इसके अलावा शाहिदी के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला अपराध है। मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय शाहिदी को पिच के बीच दौड़ने को लेकर दो बार अनौपचारिक चेतावनी दी गई थी। इसके बाद अफगानिस्तान की पारी के 31वें ओवर में उन्हें आधिकारिक चेतावनी भी दी गई। हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने 40वें ओवर में फिर से पिच पर दौड़ लगाई, जिसके चलते मैच अधिकारियों ने अफगानिस्तान पर पांच रन की पेनाल्टी लगा दी। मुकाबले की बात करें तो अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44.2 ओवर में 218 रन बनाए। कप्तान हश्मतुल्लाह शाहिदी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 102 रन की पारी खेली, जो उनके वनडे करियर का पहला शतक रहा। हालांकि भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने घातक गेंदबाजी करते हुए नौ ओवर में 23 रन देकर पांच विकेट झटके।

## IND W vs SA W: करो या मरो मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की जीत बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी नाकाम रहा भारत

दक्षिण अफ्रीका ने भारत को छह विकेट से हरा दिया। रविवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 158 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने मारिजान काप की नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से 19.1 ओवर में 161 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।v दक्षिण अफ्रीका ने भारत को छह विकेट से हरा दिया। रविवार को मैनचेस्टर में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में सात विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 161 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनकी ओर से मारिजान काप ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, भारत के लिए श्री चरणी ने तीन विकेट लिए जबकि शेफाली वर्मा को एक सफलता मिली। इसके अलावा किसी भी अन्य गेंदबाज को कोई सफलता नहीं मिली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने आक्रामक अंदाज में शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 30 रन जोड़े। भारत ने पावरप्ले में 59 रन बनाए और मजबूत स्थिति में नजर आ रहा था।



## Rohit Sharma: क्या हिटमैन हैं भारत के नंबर-1 ओपनर? सचिन गावस्कर के बाद अब सहवाग को भी इस मामले में छोड़ा पीछे



अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में 79 रन की शानदार पारी खेलकर रोहित शर्मा ने भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक और बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। उन्होंने वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए ओपनर के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इसके अलावा 39 वर्ष 51 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय बल्लेबाज भी बन गए। भारत ने इस मुकाबले में अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की। भारत के दिग्गज ओपनर रोहित शर्मा 39 साल की उम्र में भी बड़े बड़े रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ चेन्नई में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में भारतीय कप्तान ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। 79 रन की शानदार पारी खेलते हुए उन्होंने न सिर्फ भारत को आसान जीत दिलाई, बल्कि भारतीय क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नामों को पीछे छोड़ते हुए एक नया कीर्तिमान भी अपने नाम कर लिया। हिटमैन ने 69 गेंदों में 79 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल रहे। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने 219 रन के लक्ष्य को बेहद आसान बना दिया और भारत ने 28.4 ओवर में ही मैच जीतकर अफगानिस्तान का 3-0 से सूपड़ा साफ कर दिया



रोहित के साथ युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने 86 गेंदों पर नाबाद 110 रन की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 170 रन जोड़कर मैच को एकतरफा बना दिया। यशस्वी का यह शतक बताता है कि भारतीय बल्लेबाजी की अगली पीढ़ी भी बड़े मंच पर अपनी छाप छोड़ने को तैयार है। इस उपलब्धि के साथ रोहित ने भारतीय क्रिकेट के तीन महान ओपनरों, सहवाग, सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया है। इससे पहले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अफगानिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उन्होंने 5 विकेट लेकर मेहमान टीम को शुरुआती झटके दिए

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**
**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**
**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक**
**निर्भय कुमार सेंगर**
**के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन,**
**विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**
**(उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776**
**@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













